अगर मैंने टेस्ट क्रिकेट खेलने का सपना छोड़ दिया तो यह उस युवा ग्लेन मैक्सवेल के साथ अन्याय होगा जिसने बचपन से ही किसी भी कीमत पर बैगी ग्रीन कैप पहनने का सपना देखा था। – ग्लेन मैक्सवेल

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा जताते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — विनेश फोगाट

रेसलर से नेता बनी विनेश फोगाट ने अपने राजनीतिक करियर की आधिकारिक शुरुआत की। विनेश चुनाव के बाद पहली बार विधानसभा पहुंची और इस दौरान उनके कपड़ों ने सभी का ध्यान खींचा। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान जो विनेश सूट सलवार में नजर आईं। शपथ लेने के लिए उन्होंने पेरिस ओलंपिक की जर्सी को चुना। उनके इस फैसले से ये सवाल भी खड़ा हो रहा है कि किया विनेश फोगाट रेसलिंग से संन्यास के फैसले पर यू टर्न लेंगी। विनेश फोगाट के लिए पेरिस ओलंपिक एक बुरा सपना साबित हुआ था। वह फाइनल मुकाबले खेलने से पहले डिस्क्वालिफाई हो गईं थीं।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

मिचेल सैंटनर के सामने पस्त नजर आए भारतीय बल्लेबाज

301 की बढ़त के साथ न्यूजीलैंड

पुणे, 25 अक्टूबर। मिचेल सैंटनर (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान टॉम लेथम (86) रनों की जूझारू पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को भारत को पहली पारी में 156 के स्कोर पर समेट कर दूसरी पारी में पांच विकेट पर 198 रनों के साथ 301 की बढ़त हासिल कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली हैं।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान टॉम लेथम और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने सधी हुई शुरुआत की। 10वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने डेवन कॉन्वे (17) को पगबाधा आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद आर अश्विन ने विल यंग (23) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। रचिन रविंद्र (नौ), डैरिल मिचेल (18) तथा टॉम लेथम (86) को वॉशिंगटन ने अपना शिकार बनाया।

दिन का खेल समाप्त होने के साथ न्यूजीलैंड ने 53 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 198 रन बना लिये थे और उसकी कुल बढ़त 301 रन हो गई है। टॉम ब्लंडल (नाबाद 30) और ग्लेन फिलिप्स (नौ) रन क्रीज पर थे।

भारत की ओर आज के हीरो भी वॉशिंगटन सुंदर रहे। उन्होंने 19 ओवर में 56 रन देकर चार विकेट लिये। वहीं आर अश्विन को एक विकेट मिला। इससे पहले न्यूजीलैंड ने भारत पहली पारी में 156 के स्कोर पर समेटते हुए 103 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी।

कल के एक विकेट पर 16 रन से आगे खेलते हुए भारत को आज शुभमन गिल (30) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद अगले बल्लेबाज विराट कोहली (एक) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। न्यूजीलैंड के स्पिनरों की कसी हुई गेंदबाजी के सामने भारत ने यशस्वी जायसवाल (30), सरफराज खान (11) और ऋषभ पंत (18) भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। आर अश्विन (चार) रन बनाकर आउट हुये। भोजनकाल तक भारत ने सात 107 के स्कोर पर अपने सात विकेट गवां दिये थे। लगातार गिरते विकेटों के बीच रवींद्र जडेजा ने 46 गेंदों पर (38) रनों की जूझारु पारी खेली। उनके आउट होने के बाद अगले बल्लेबाज आकाश दीप (छह) रन बनाकर आउट हुए। निचलेक्रम में बल्लेबाजी के लिए आए वाशिंगटन सुंदर ने नाबाद 18 रन की पारी खेली। भारतीय टीम 45.3 ओवर में 156 के स्कोर पर सिमट गई।

न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर 19.3 ओवर में 53 रन देकर सात विकेट लिये। ग्लेन फिलिप्स को दो विकेट मिले। टिम साउथी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

विराट कोहली की खराब फॉर्म जारी

विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में खराब शॉट खेलकर आउट हुए। कोहली खेल के सबसे लंबे प्रारूप में पिछले कुछ मैचों में बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने 70 रन बनाए थे और दूसरे मैच में वह पहली पारी में सिर्फ एक रन बना सके, जिसके कारण उनके फॉर्म पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं पूर्व गेंदबाज अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली को लंबे टेस्ट सीजन शुरू होने से पहले घरेलू क्रिकेट में खेलने का फायदा हो सकता था। पहली पारी में विराट कोहली मिचेल सैंटनर की फुलटॉस गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए।

भारत ने न्यूजीलैंड को रोमांचक 3-3 से ड्रॉ पर रोका

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ सुल्तान जोहोर कप में शुक्रवार को खेले गए राउंड रॉबिन मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 . 3 से ड्रॉ खेला। गुरजोत सिंह (छठा मिनट), रोहित (17वां) और टी प्रियब्रत (60वां) ने भारत के लिये गोल किये जबकि ड्रैग फ्लिकर जोंटी एल्मेस (17वां, 32वां और 45वां मिनट) ने न्यूजीलैंड के लिये हैट्रिक लगाई भारत अंकतालिका में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है। फाइनल में पहुंचने पर फैसला ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया के क्रमशः जापान और मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैचों के आधार पर होगा। भारत ने दमदार शुरूआत की और छठे ही मिनट में गुरजोत ने गोल किया।

सब जूनियर और जूनियर नेशनल स्क्वैश में राजस्थान को 4 कांस्य

जयपुर, 25 अक्टूबर। कोलकाता में शुक्रवार को संपन्न हुई नेशनल सब जूनियर और जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने चार कांस्य पदक अपने नाम किए। राजस्थान के चारों खिलाड़ी सेमी फाइनल में हार गए थे। पदक विजेता खिलाड़ियों में तीन खिलाड़ी सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान स्क्वैश एकेडमी के हैं।

एकेडमी की संचालक सुरभि मिश्रा के अनुसार राजस्थान की दिव्यांशी जैन ने अंडर-13 गर्ल्स के क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु की दीपा देबीराम को 13-15, 11-4, 11-8, 11-9 से हराया लेकिन सेमी फाइनल में तमिलनाडु की ही गौशिका के हाथों 13-11, 8-11, 8-11, 6-11 से हार के साथ उन्हें कांस्य से

संतोष करना पड़ा। अंडर-17 गर्ल्स में याशी जैन ने कांस्य पदक जीता। जोधपुर की याशी को सेमी फाइनल में टॉप सीड दिल्ली की अनाहत सिंह ने सीधे सेटों में 11-3, 11-1, 11-2 से शिकस्त दी। याशी ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु की आर्या द्विवेदी को 7-11, 11-7, 11-6, 9-11, 11-3 से हरा अंतिम चार में जगह बनाई थी।

लड़कों के अंडर-19 वर्ग में अवलोकित सिंह ने उत्तर प्रदेश के अंश त्रिपाठी को 11-9, 11-2, 8-11, 11-9 से हरा अंतिम चार में जगह बनाई लेकिन सेमी फाइनल में उन्हें महाराष्ट्र के अयान वजीरअली से 7-11, 7-11, 4-11 से हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह अंडर-17 वर्ग के क्वार्टर फाइनल में सुभाष चौधरी ने क्वार्टर फाइनल में रचित शाह को 11-5, 11-9, 11-2 से हरा सेमी फाइनल में प्रवेश किया। लेकिन वे भी सेमी फाइनल में आर्यवीर दीवान से 12-10, 6-11, 6-11, 8-11 से हार गए।

अर्जुन इरिगैसी ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर। शतरंज खिलाड़ी अर्जुन इरिगैसी ने गुरुवार को यूरोपीय शतरंज क्लब कप में लाइव रेटिंग में 2800 रेटिंग क्लब में प्रवेश करके इतिहास रच दिया। शतरंज के इतिहास में दुनिया के केवल 16 खिलाड़ियों ने लाइव रेटिंग में माउंट 2800 को छुआ है। जो वास्तविक समय में अपडेट की जाती है। हालांकि, अब तक प्रकाशित रेटिंग में केवल 14 खिलाड़ी 2800 क्लब में थे, जिन्हें मासिक आधार पर अपडेट किया जाता है।भारत के एक अन्य शतरंज खिलाड़ी अनीश गिरी ने लाइव रेटिंग में 2800 का आंकड़ा छू लिया था, लेकिन जब मासिक प्रकाशित रेटिंग जारी की गई तो वह अपनी जगह कायम नहीं रख पाए। मौजूद समय में अर्जुन इरिगैसी के अलावा तीन खिलाड़ी हैं। जिनकी लाइव रेटिंग 2800 से अधिक है।

जनरल अमर सिंह कानोता कप टूर्नामेंट : जयपुर ने आरपीसी को और कानोता पोलो / स्पेक्ट्रम ने वी पोलो को हराया

जयपुर, 25 अक्टूबर। जनरल अमर सिंह कानोता कप (04 गोल) टूर्नामेंट में जयपुर ने आरपीसी को 6.1/2-8 से हराया। ड्सरे मैच में कानोता पोलो/स्पेक्ट्रम पोलो ने वी पोलो को 7-8 से हराया। जयपुर टीम की ओर से महाराज पदमनाभ सिंह ने विरोधी टीम पर लगातार 4 गोल कर अपनी टीम की जीत पक्की की। वाट्सन ने भी 4 गोल किये वही आरपीसी की ओर से सिद्धांत सिंह ने 1, एलेन ओर रणशेय ने 2-2 गोल किये।

कानोता पोलो/स्पेक्ट्रम पोलो की ओर से प्रताप सिंह ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए 3 गोल किये, मजीनी ने आज फिर वी पोलो पर ताबड़तोड़ खेल खेलते हुए 5 गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई वहीं वी पोलो की ओर से सराहनीय खेल दिखाते हुए निमित मेहता ने 4 गोल किये लेकिन अपनी टीम को हार से नही बचा सके। इनके अलावा अंगद कलान ने भी 2, यनजोंन ने भी 1 गोल किया।

जोर्जिया में वुशू खिलाड़ी अमित कटारिया कांस्य पदक जीतकर लौटे

जयपुर, 25 अक्टूबर। बुटामी, जोर्जिया में आयोजित हुई जार्जिया इंटरनेशनल वुशू प्रतियोगिता 18 से 23 अक्टूबर 2024 तक जयपुर के खिलाड़ी अमित कटारिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुये देश के लिए कांस्य पदक जीता। ममता वर्मा, महासचिव, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि अमित कटारिया ने 90 किलोग्राम भारवर्ग मे ईरान व आर्मेनिया के खिलाडियों के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुये कांस्य पदक जीत देश व प्रदेश का नाम रोशन किया। अंतरराष्ट्रीय वूशू खिलाड़ी जॉर्जिया यूरोप मे कांस्य पदक विजेता अमित कटारिया ने आज राजस्थान सरकार के खेल एवं युवा मामराज मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया और खेल मंत्री ने अमित को राज्य सरकार से जो भी मदद होगी दिलाने का आश्वासन दिया, केंद्रीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से कांस्य पदक विजेता भारतीय वूशु टीम के अमित कटारिया ने आज मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और गजेंद्र शेखावत ने अमित को आशीर्वाद देकर कहा कि और अधिक मेहनत करो, नाम रोशन करो और देश के लिए स्वर्ण पदक लेकर आओ। अमित के साथ मिलने वालों में उनके पिताजी हीरानन्द कटारिया, अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी लवमीत कटारिया, हनुमान सहाय जांदू थे।

रणजी मैच : राजस्थान-गुजरात के बीच आज एसएमएस स्टेडियम में

जयपुर, 25 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के अनुसार बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024 -25 की राष्ट्रियक्रिकेट प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी अपने पहले दो रणजी मुकाबलों में राजस्थान रणजी टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए जयपुर में खेले गए पहले मैच मेंपॉन्डिचेरी के विरुदपहली पारी की बढ़त व अपने दूसरे मैच धर्मशाला में हिमाचल के विरूद मिली शानदार जीत के बाद कल दिनांक 26 अक्टूबर 2024 से जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राजस्थान रणजी टीम का तीसरा रणजी मुकाबला गुजरात के साथ खेला जायेगा। पहले दो रणजी मुकाबलों में राजस्थान टीम ने बल्लेबाजी व गेंदबाजी दोनों के क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया था, टीम के लिए दीपक हुड्डा, अभिजीत तोमर, यश कोठारी, महिपाल लोमरोर, कुणाल सिंह, दीपक चाहर, अनिकेत चौधरी शानदार फॉर्म में हैं।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: जविप्रा/उपा./जोन-12/2024/डी-5554 दिनांक : 25.10.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मैसर्स यूटोपिया बिल्डकोन प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री आदित्य चौधरी पुत्र श्री फूलचन्द डूडी द्वारा ग्राम किशोरपुरा चारणान तहसील जयपुर के खसरा नंबर 204, 207 का मानचित्र अनुमोदन करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में ग्राम किशोरपुरा चारणान तहसील जयपुर में खसरा नं. 179, 180, 182, 183, 184, 185, 204, 205, 207, 209, 211, 214, 215, 221, 259, 177, 178, 212 कुल किता 18 कुल रकबा 40 बीघा 13 बिस्वा, खसरा नं 222, 223, 224, 225, 210 कुल किता 5 कुल रकबा 14 बीघा 12 बिस्वा व खसरा नं. 216, 251, 107, 218 कुल किता 4 कुल रकबा 13 बीघा 1 बिस्वा में 90बी की कार्यवाही प्रकरण सं. 134/05 द्वारा दिनांक 17.12.2005 को की जा चुकी है। अतः ग्राम किशोरपुरा चारणान तहसील जयपुर के खसरा नंबर 204, 207 का मानचित्र अनुमोदन की कार्यवाही करने में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

उपायुक्त जोन - 12, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक-एफ.55(1)वि.जोन/न.नि.ज.(ग्रे)/2024/1716

सार्वजनिक सूचना दिनांक-04.09.2024

भूखण्ड सं. 1-ए, वासुदेवपूरी-बी, झोटवाडा, जयपुर (सिन्धु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रभुदयाल पुत्र श्री कानाराम के पक्ष में क्षेत्रफल 146.66 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मुल आवंटी की मृत्यु उपरान्त पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर श्री पिन्टू प्रजापत, श्री लेखराज प्रजापती पुत्रान श्री प्रभुदयाल प्रजापत ने भूखण्ड सं. 1-ए, वासुदेवपूरी-बी, झोटवाडा, जयपुर (सिन्धु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्तारकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधित नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

D.N—219/21-10-24

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) **वाद सं. 271/24**
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।
प्रार्थी-नाम श्रीमती हीरा देवी W/o स्व. श्री सूरजमल जाति बलाई
विवाद स्थान- R/o- बुनकर मोहल्ला, ग्राम घेवता, तहसील विराटनगर, जिला कोटपुतली (राज.)
मृतक स्व. प्रहलाद बुनकर की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक - 3-12-24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. प्रहलाद बुनकर पुत्र स्व. श्री कालूराम जाति बलाई निवासी वार्ड-6, ग्राम घेवता, तह. विराटनगर, जिला कोटपुतली (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 3 माह 12 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 21 माह 10 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर द्वितीय
मुहर

नाम परिवर्तन
मैं आर्मी नं.-15690987Y रैंक हवलदार खेडेकर नारायण समाधन निवासी अंतरी खेडेकर, बुलढाना, महाराष्ट्र ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपने पुत्र का नाम सिद्धांत से बदलकर सिद्धांत नारायण खेडेकर कर लिया है।
I have changed my name from Vijay Kanwar Singh to Vijaya Kanwar Singh for all purposes R/o Castle Mehru Ward No. 2 Near Malpura, Mehru, Tonk (Raj.)

नाम परिवर्तन
मैं आर्मी नं.-15690987Y रैंक हवलदार खेडकर नारायण समाधन निवासी अंतरी खेडेकर, बुलढाना, महाराष्ट्र ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपने पुत्र का नाम सिद्धांत से बदलकर सिद्धांत नारायण खेडेकर कर लिया है।
I have changed my name from Vijay Kanwar Singh to Vijaya Kanwar Singh for all purposes R/o Castle Mehru Ward No. 2 Near Malpura, Mehru, Tonk (Raj.)

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री शमशुद्दीन शेख पुत्र श्री रोशन अली उम्र 44 वर्ष जाति मुसलमान निवासी प्लाट नं. सी-266, 267 विद्याधर नगर, जयपुर हाल निवासी प्लाट नं. झ-2/22, हाऊसिंग बोर्ड शास्त्री नगर जयपुर राजस्थान ने अपने पुत्र अरशद अली शेख को उसकी नाफरमानियों की वजह से अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है व उन्होंने अरशद अली शेख से अपने तमाम रिश्ते तोड लिये है अब मेरे अभिभाष्य शमशुद्दीन शेख व उसके परिवार से अरशद अली शेख का कोई सरोकार नहीं रहा है कोई भी व्यक्ति भविष्य में अरशद अली शेख से किसी भी प्रकार का कोई कार्य व लेन-देन नहीं करें अगर कोई करता हैं तो वह उसकी स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।
दिनांक-25.10.2024 (हुसैन बख्श), एडवोकेट
जयपुर मो.नं. 9828020514

आम सूचना
मैं ओमप्रकाश वर्मा पुत्र श्री गोविन्द राम वर्मा 18, मोहनपुरा मदाऊ, रामपुरा मार्ग, हनुमान जी के मन्दिर के पास, सांगानेर, जयपुर मेरे द्वारा भूखण्ड संख्या D- 171, संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना विधानसभा नगर, ग्राम धीलाई, तहसील- सांगानेर में अनिल जैन पुत्र शिखरचंद जैन से क्रय करने का इकरारनामा किया है। किसी अन्य भूखण्डधारी- सोसाइटी, सहकारिता विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण या अन्य किसी दावेदार को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के दस दिवस में नीचे दिये मोबाइल नम्बर पर मय सबूत आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। ओमप्रकाश वर्मा, मो.- 9950009317

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त- तृतीय, राजस्थान आवासन मंडल, जवाहर सर्किल जयपुर
जे.एल.एन मार्ग, जवाहर सर्किल के पास जयपुर 0141-4901853

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास /फ्लैट संख्या-13/430 (जी.एफ.) मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 23.520 वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं अंतेय प्रमाण पत्र क्रमांक 536 दिनांक 06.05.2010 श्रीमती कस्तूरी देवी पत्नी श्री कानाराम धोबी के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती कस्तूरी देवी की मृत्यु दिनांक 06/05/2023 को जाने के कारण श्रीमती धापू देवी पत्नी श्री सुग्रीव लाल के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल प्रति इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त आवास /फ्लैट का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास / फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती धापू देवी पत्नी श्री सुग्रीव लाल के नाम से उक्त आवास/ फ्लैट की प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

संपदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मंडल, वृत्त- तृतीय, जयपुर

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
बोली आमंत्रण सूचना
बोर्ड परीक्षा 2025 हेतु विभिन्न प्रकार के लिफाफें निर्माण एंव आपूर्ति (अनुमानित राशि रू 15 लाख) के उपापन हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से आनलाईन बोली दिनांक 06.11.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण राज्य सरकार के उपापन पोर्टल (http://eproc.rajasthan.gov.in,http://sppp.raj.gov.in एवं बोर्ड वेबसाईट rajeduboard.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN CODE: SEB2425WSOB00034
सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत दोबडा कलां पंचायत समिति स.मा. जिला सवाई माधोपुर
क्रमांक-60 **ई-निविदा सूचना संख्या- 02/2024-25** दिनांक-21.10.2024
पंचायत समिति सवाई माधोपुर के अधीन ग्राम पंचायत दोबडा कलां में विभिन्न योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेंट प्रक्रिया में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
NIB NO. ZSM2425A0460, UBN NO. ZSM2524WSOB006000
ग्राम विकास अधिकारी — सरपंच
ग्राम पंचायत दोबडाकलां — ग्राम पंचायत दोबडाकलां
पं.स. सवाई माधोपुर — पं.स. सवाई माधोपुर

OFFICE OF THE REGISTRAR, MAHARAJA SURAJMAL BRIJ UNIVERSITY, SAKEETRA KUMHER BHARATPUR
ONLINE INVITING TENDER NOTICE
NIB No Exam/2024-25/1923 Date: 23.10.2024
TENDER NOTICE NO.-11
Maharaja Surajmal Brij University, Bharatpur hereby invites E-bid for pre & post examination work **(Semester System Examination)** separately for two sessions 2024-25 & 2025-26. The bid may be downloaded from **23.10.2024 (12:00 PM)** and last date of submission of the bid is **13.11.2024 (02:00 PM)**. Details of the same may be seen on http://sppp.rajasthan.gov.in or http://eproc.rajasthan.gov.in or University website http://msbrijuniversity.ac.in/notice board.
NIB Code : BUB2425A0013
UBN No. BUB2425SLOB00022
Raj.Samwad/C/24/7016 Registrar

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
क्रमांक :— जसअ/2024—25/167 दिनांक: 25.10.2024
निविदा सूचना सं. - 13/2024-25
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मालवीय नगर जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण निविदा सूचना संख्या— 13/2024—25 दिनांक 25.10.2024 से नगर निगम जयपुर ग्रेटर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in से अपलोड की जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number (UBN) JMC2425GLOB00773 है।
अधिशाषी अभियंता
(मालवीय नगर जोन)
नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद/सी/24/7032

दिल्ली विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF DELHI
विज्ञापन नं. आर एंड पी/305/2024 दिनांक-27.09.2024
दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी संकाय में 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग वेतन मैट्रिक्स के शैक्षणिक वेतन स्तर 10 में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित आवेदन पत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह हैं। विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.du.ac.in पर जाएं और "डीयू के साथ काम करें" शीर्षक के अंतर्गत "विज्ञापन-विभाग" पर क्लिक करें।
कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा।
CBC 21231/12/0011/2425 रजिस्ट्रार

कार्यालय-प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिण्डौन सिटी जिला-करौली (राज.)
क्रमांक: रा./उ./मा./वि./हिण्डौनसिटी/2024/419 दिनांक: 24.10.2024
नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्थानीय विद्यालय क सामने अंकित राशि की रद्दी एवं अन्य सामग्री की नीलामी की जानी है इच्छुक जी.एस.टी. धारक फर्म/व्यक्ति निर्धारित तिथि में उपस्थित हो कर अमानत राशि 2 प्रतिशत जमा करा कर नीलामी में भाग ल सकते हैं।

क्र.सं.	विद्यालय का नाम	नीलामी योग्य रद्दी एवं अन्य सामग्री की राशि	नीलामी दिनांक
1	पी.एम.श्री रा.उ.मा.वि. हिण्डौन सिटी	49996.50	08.11.2024

प्रधानाचार्य
पी.एम. श्री राजकीय उ.मा.वि.
हिण्डौन सिटी

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई—निविदा सूचना
व.मं.बि.इंजी. (टीआरडी), उ.प.रे., जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई—निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जाएगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। क्र सं: 1. एनआईटी संख्या: ईएल— टीआरडी0 - जेपी- 2024-25-06आर; कार्य का नाम: काम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेन्टेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (सीएएमसी) फॉर कम्प्यूटर बेस्ड स्काडा इक्विपमेंटस् ऑफ मै. सिनर्जी सिस्टम्स एण्ड सोलूशन्स मेक ऑफ अलवर—जयपुर— मदार एण्ड सवाईमाधोपुर—जयपुर—रींगस सेक्शन्स ऑफ जयपुर डिवीजन फॉर पीरियड ऑफ 24 मन्थस। अनुमानित लागत (रु): 70,74,572.16; बिड सिक्युरिटि राशि (रु): 1,41,500.00; निविदा खोलने की तिथि: 14.11.2024; 2. एनआईटी संख्या: ईएल— टीआरडी0 - जेपी- 2024-25-08; कार्य का नाम: टीआरडी वर्क इन कनेक्शन विद प्रपोज्ड डबल आरओबी एट किमी. 161/9—14 इन कोल्याग्राम—अरनिया सेक्शन ऑफ जयपुर डिवीजन। अनुमानित लागत (रु): 17,59,809.82; बिड सिक्युरिटि राशि (रु): 35,200.00; निविदा खोलने की तिथि: 14.11.2024; नोट: ई—निविदा की अंतिम तिथि एवं समय : निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक; ई—निविदा खोलने की तिथि एवं समय: निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद; सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in
1245-AN/24
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : श्री टावर्स, प्लाट संख्या 14 ए, सात्थ फेज, इंडस्ट्रियल स्टेट, गुंदी, चेन्नई - 600032 तमिलनाडु
शाखा कार्यालय :- 65 ए, पहली मंजिल, सूरज नगर (पश्चिम) अजमेर रोड, सोडाला, जयपुर -302006 रा